भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1872
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

अमरोहा में टेलीकॉम अवसंरचना का विस्तार

1872. श्री कंवर सिंह तंवरः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दूरसंचार अवसंरचना के विस्तार की आवश्यकता का आकलन किया है, जिसमें छात्रों, किसानों, व्यापारियों के लिए डिजिटल पहुंच को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक सेवाओं की सुपुर्दगी के उद्देश्य से नए टावरों की स्थापना, फाइबर आधारित कनेक्टिविटी का विस्तार और अंतिम छोर तक कवरेज में सुधार हेतु हसनपुर, धनौरा, जोया और मंडावर के आस-पास के वंचित गांवों को प्राथमिकता देना शामिल है;
(ख) यदि हां, तो उक्त जिले में अवसंरचना संबंधी अनुमोदन, फाइबर विस्तार पहल, ग्राम कवरेज योजना और कार्यान्वयन संबंधी समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) दिसंबर 2025 तक, उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सभी 1,124 गांवों को 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर किया गया है।

इसके अलावा, संशोधित भारतनेट परियोजना का उद्देश्य देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिसमें मौजूदा नेटवर्क को रिंग टोपोलॉजी में अपग्रेड करना और मांग के आधार पर लगभग 3.8 लाख बिना ग्राम पंचायतों वाले गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ-साथ अमरोहा जिले सहित ब्रॉडबैंड सेवाएं जैसे कि वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, आदि के प्रावधान के माध्यम से इसका उपयोग शामिल है।

*****